दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 24 अप्रैल 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-201

# तीसरे चरण का मतदान संपन्न, कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर

**नई दिल्ली।** देश में सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 117 सीटों के लिए सुबह सात बजे मतदान शुरू हो गया। आज के चुनाव में भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुलायम सिंह यादव सहित कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर है।



पंद्रह राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों की 117 सीटों के साथ ही ओडिशा विधानसभा की 42 सीटों के लिए मतदान शुरू हो गया। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये हैं। लोकसभा चुनाव के इस चरण में जिन सीटों के लिए मतदान हो रहे हैं , उनमें गुजरात की सभी 26, केरल की 20, कर्नाटक और महाराष्ट्र की 14-14, उत्तर प्रदेश की 10, छत्तीसगढ़ की सात, ओडिशा की छह, पश्चिम बंगाल और बिहार की पाँच-पाँच, असम की चार, गोवा की दो, त्रिपुरा, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव-की एक-एक सीट शामिल हैं। त्रिपुरा पूर्व लोकसभा सीट के लिए मतदान दूसरे चरण में होना था लेकिन सुरक्षा कारणों से उसे स्थगित कर दिया गया था। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक हिस्से में भी आज मतदान हो रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में अहमदाबाद के रानिप में एक मतदान केंद्र पर वोट डाला जो गुजरात के गांधीनगर संसदीय क्षेत्र का एक हिस्सा है।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रमुख अमित शाह इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार हैं, जिसका पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता एल.के. आडवाणी प्रतिनिधित्व करते थे। मोदी शाह और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ निशान हायर सेकेंड्री स्कूल में बने मतदान केंद्र पर पहुंचे। बूथ पर जाने से पहले वह अपनी मां से उनके आवास पर मिले। गुजरात में सभी 26 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान जारी है।

### इन दिग्गज मंत्रियों की किस्मत दांव पर

शाह गुजरात के गाँधीनगर, श्री गाँधी केरल वायनाड़ और श्री यादव मैनपुरी से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खडगे और शशि थरूर, भाजपा के वरुण गाँधी, के.जे. अल्फोंस, संतोष गंगवार, अनंत हेगड़े, जयाप्रदा और के. राजशेखरन, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सूले, शिवसेना के अनंत गीते तथा समाजवादी पार्टी के आजम खां की प्रतिष्ठा दाँव पर है।

# बीजेपी में शामिल हुए अभिनेता सनी देओल

## गुरदासपुर से लड़ सकते हैं चुनाव

**नई दिल्ली।** मशहूर अभिनेता सनी देओल के भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर अब विराम लग गया है। सनी देओल ने आज भाजपा का दामन थाम लिया है। दिल्ली स्थित पार्टी हेडक्वार्टर में सनी दिओल ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। सनी देओल पंजाब के गुरदासपुर से चुनाव लड़ेंगे। जिसकी औपचारिक घोषणा आज शाम तक हो सकती है।

पार्टी में शामिल होने के बाद सनी दिओल ने कहा, जिस तरह मेरे पिता इस पार्टी से जुड़े हैं, उसी तरह मैं मोदी से जुड़ने आया हूं। मैं चाहता हूं कि अगले पांच साल भी मोदी रहें। बता दें कि सनी ने कुछ दिन पहले बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह से पुणे एयरपोर्ट पर मुलाकात की थी। इस तस्वीर के वायरल होने के बाद से ही ऐसी खबरें थीं कि सनी बीजेपी में शामिल होने वाले हैं। देओल परिवार से हेमा मालिनी पहले ही मथुरा से बीजेपी के टिकट पर चुनावी मैदान में हैं।

ज्ञात हो कि गुरदासपुर सीट पर पिछली चार बार से बीजेपी का कब्जा है और विनोद खन्ना यहां से विजयी होते आए हैं। उनके निधन के बाद से पार्टी यहां के नया उम्मीदवार खोज रही थी। पहले विनोद खन्ना के बेटे अक्षय खन्ना को टिकट दिए जाने की चर्चा चल चुकी है। बता दें कि विनोद खन्ना के निधन के बाद खाली हुई सीट पर कांग्रेस के प्रदेश प्रधान सुनील जाखड़ ने उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी स्वर्ण सलारिया को करीब दो लाख मतों से हराकर जीत दर्ज की थी। उपचुनाव में मिली हार के बाद भाजपा हाईकमान के समक्ष भी यहां पर दमदार चेहरे को उतारना चुनौती बना हुआ था। अमृतसर में केंद्रीय राज्य मंत्री हरदीप पुरी को दिए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### श्रीलंका बम विस्फोट में मारे गए इस अरबपति के 3 बच्चे

**कोपेनहेगन।** श्रीलंका में ईस्टर रविवार को हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों में डेनमार्क के सबसे अमीर व्यक्ति आंद्रेस होल्च पोवसेन के तीन बच्चे मारे गए। आंद्रेस एक फैशन टायकून हैं और उनकी कुल सम्पत्ति 7.9 अरब डॉलर की है। वह ऑनलाइन क्लोदिंग रीटेलर आसोस को मालिक हैं। आंद्रेस की कम्पनी वेस्टसेलर के कम्यूनिकेशन मैनेजर जेस्पर स्टुबकीयर ने सोमवार को आंद्रेस के बच्चों को इस आतंकवादी हमले में मारे जाने की पुष्टि की। प्रवक्ता के मुताबिक आंद्रेस से चार बच्चे हैं। अभी हालांकि यह नहीं पता चल सका है कि किस विस्फोट में आंद्रेस के बच्चों की मौत हुई है क्योंकि श्रीलंका में एक के बाद एक आठ बम विस्फोट हुए थे। इनमें से सात सुबह और एक शाम के वक्त हुआ था। श्रीलंका में हुई इस आतंकवादी घटना में करीब 300 लोगों की जान चली गई है जबकि 500 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

### ईस्टर का जश्न मना रहे जुलूस में घुसी तेज रफ्तार कार, 11 लोगों की मौत, 30 घायल

**मॉस्को।** नाइजीरिया में भीड़ के बीच गाड़ी घुसने के कारण हुए हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चालक ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया था और गाड़ी नाइजीरिया के उत्तर-पूर्वी राज्य गोम्बे में ईस्टर का जश्न मना रहे जुलूस में जा घुसी। गाड़ी चालक की हादसे में मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के महानिरीक्षक ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। बता दें कि श्रीलंका में रविवार को ईस्टर के मौके पर सिलसिलेवार 8 बम विस्फोट हुए। जिसमें 290 लोगों की मौत हो गई और 400 से अधिक लोग घायल हुए थे। इनमें आठ भारतीय शामिल हैं। इस बीच श्रीलंका ने इस हमले के लिए एक स्थानीय मुस्लिम संगठन को जिम्मेदार ठहराया है और कहा कि यह बड़ी खुफिया चूक है।

### यमन के विद्रोहियों ने सउदी के दो जासूसी ड्रोन को मार गिराने का दावा किया

**सना।** यमन के शिया हौथी विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने सोमवार को होदिदाह शहर में दो जासूसी ड्रोन को मार गिराया। विद्रोहियों के चैनल अल-मसीराह के मुताबिक सऊदी के नेतृत्व वाली सेना द्वारा संचलित दो जासूसी ड्रोन को किलो 16 क्षेत्र में गिरा दिया गया। हालांकि सेना ने विद्रोहियों के दावे पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सउदी अरब के नेतृत्व वाले सेना के गठबंधन ने मार्च 2015 यमन के राष्ट्पति अब्द रब्बू मंसूर हदी का समर्थन कर यमन में हस्तक्षेप किया था। उल्लेखनीय है कि हौथी विद्रोहियों ने यमन के राष्ट्पति श्री मंसूर को निर्वसन के लिए मजबूर किया और सना सहित देश के उत्तरी भाग को अपने कब्जे मे ले लिया।

### ईरान के रक्षा मंत्री सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने मॉस्को जाएंगे

**तेहरान।** ईरान के रक्षा मंत्री अमीर हतामी आठवें मॉस्को अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए मंगलवार को तेहरान से मॉस्को जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक श्री हतामी रुस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोयगू के बुलावे पर वहां जा रहे हैं। श्री हतामी सम्मेलन को संबोधित भी करेंगे। रुस के रक्षा मंत्रालय की वेवसाइट पर डाले गए बयान में कहा, रुस की राजधानी में होने वाला वार्षिक सुरक्षा सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर विचारों को आकार देने के मामले में जरुरी समस्या को शामिल करेगा। बयान में कहा गया है कि सम्मेलन में हथियार नियंत्रण प्रणाली में सुधार सहित आधुनिक सैन्य चुनौतियों और खतरे पर चर्चा की जाएगी।

### श्रीलंका पुलिस ने हमले के मामले में पांच और संदिग्ध को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका पुलिस ने रविवार को देश में हुए बर्बर हमले के मामले में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया है।

# राहुल ने आप से गठबंधन को लेकर केजरीवाल के समक्ष रखी शर्त

**नईदिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन पर बयान दिया है। राहुल ने अपने बयान में कहा कि कांग्रेस गठबंधन के लिए आखिरी सेकंड तक तैयार है। उन्होंने कहा है कि वह बीजेपी को हराने के लिए दिल्ली में 4+3 के फॉर्म्यूले पर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने को आखिरी सेकंड तक तैयार रहेंगे लेकिन अरविंद केजरीवाल को हरियाणा में तालमेल की शर्त छोड़नी होगी। बता दें कि दिल्ली में आज नामांकन का अंतिम दिन है। 26 अप्रैल तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकते हैं। 12 मई को छठे चरण में यहां वोटिंग होनी है।



राहुल ने कहा कि वह बीजेपी को हराने के लिए समझौते को तैयार हैं। राहुल ने कहा कि दिल्ली के लिए 4+3 का फॉर्म्युला खुद केजरीवाल ने ही दिया था। शुरू में हमारी पार्टी के लोग इसके लिए तैयार नहीं हो रहे थे, फिर जब हमने उनको राजी किया, तब केजरीवाल ने हरियाणा की शर्त जोड़ दी। हरियाणा की शर्त हमें मंजूर नहीं।

# बीजेपी ने सिंगर हंसराज को नॉर्थ वेस्ट दिल्ली से बनाया प्रत्याशी

**नईदिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद उदित राज का टिकट काट गायक हंसराज हंस को अपना उम्मीदवार बनाया है। हंसराज कांग्रेस के राजेश लिलोथिया और आप के गुगन सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।



भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी उदित राज ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और वर्ष 2003 में इंडियन जस्टिस पार्टी बनाई थी। 2014 में, उन्होंने भाजपा में अपनी पार्टी के विलय की घोषणा की थी। वह 2014 में भाजपा के टिकट से चुनाव लड़े थे और जीत हासिल की थी। उल्लेखनीय है कि हंसराज हंस जालंधर से ताल्लुक रखते हैं। पंजाबी संगीत के क्षेत्र में उनका काफी ऊंचा मुकाम है। उधर, आज अभिनेता सनी देओल भी भाजपा में शामिल हो गए और वह पंजाब की गुरदासपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

# आतंकियों की आईईडी से ज्यादा ताकतवर है वोटर आईडीःमोदी

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि लोगों को भारी संख्या में मतदान करना चाहिए क्योंकि वोटर आईडी आतंकवादियों के आईईडी से अधिक ताकतवर है।



मतदान करने के बाद मीडिया से बातचीत में मोदी ने कहा, आतंकवादियों का हथियार आईईडी है, जबकि लोकतंत्र की ताकत वोटर आईडी है। मेरा मानना है कि वोटर आईडी, आईईडी से कहीं ज्यादा ताकतवर है। वोटर आईडी की महत्ता को समझें और बड़ी संख्या में मतदान करें। मोदी ने देश की जनता को समझदार और बुद्धिमान मानते हुए कहा, उन्हें अच्छे और बुरे के बीच का फर्क पता है। उन्होंने कहा कि मतदान करने के बाद वैसा ही महसूस होता है, जैसा कुंभ में पवित्र डुबकी लगाने के बाद होता है। मोदी ने अहमदाबाद के रानिप क्षेत्र स्थित मतदान केंद्र पर मतदान किया, जो गुजरात के गांधीनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है। इस बार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष अमित शाह इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार हैं, जहां से पहले लालकृष्ण आडवाणी उम्मीदवार हुआ करते थे।

# पांच करोड़ परिवारों की महिला के खाते में हर माह छह हजारः राहुल

**डूंगरपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर 15 लाख रुपए लोगों के बैंक खाते में डालने, दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का झूठा वादा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस की सरकार बनी तो गरीबी के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक कर पांच करोड़ परिवारों की महिला के बैंक खाते में हर महीने छह हजार रुपए डाले जायेंगे।



राहुल ने आज डूंगरपुर जिले के बेणेश्वर में एक जन सभा में प्रधानमंत्री पर दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का झूठा वादा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने एक भी युवा को नौकरी नहीं दी, जबकि बाईस लाख सरकारी नौकरियां भरी जा सकती थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर एक वर्ष में 22 लाख नौकरियों की भर्ती करने के साथ दस लाख लोगों को पंचायत में रोजगार दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार ने झूठे वादे करने के साथ आदिवासियों गरीबों का हक छीन लिया तथा मनरेगा योजना को धीमा कर दिया लेकिन कांग्रेस सरकार आने पर सौ दिन के बजाय 150 दिन का रोजगार मिलेगा। उन्होंने मोदी सरकार पर पिछले पांच वर्ष में आदिवासियों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगली सरकार में उनके साथ न्याय होगा तथा जल जमीन और स्वाभिमान की रक्षा की जायेगी।

उन्होंने गरीबों के खाते में रुपए डालने की अर्थव्यवस्था समझाते हुए कहा कि यह पैसा अम्बानी की जैब से निकालकर गरीबों की जेब में डाला जायेगा। उन्होंने कहा कि कर्ज नहीं चुकाने पर किसानों को जेल नहीं जाना पड़ेगा तथा युवाओं को उद्योग स्थापित करने के लिए तीन वर्ष तक सरकार की इजाजत नहीं लेनी पड़ेगी। श्री गांधी ने किसानों की कर्ज माफी के मामले में भी मोदी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर देश में एक राष्ट्रीय और एक किसानों के लिए बजट बनाया जायेगा।

# दो से अधिक बच्चे वाले भी बन सकेंगे शिक्षाकमी

## हाईकोर्ट ने नियम साबित नहीं होने पर समस्त लाभ के साथ लौटाई नौकरी



**बिलासपुर।** दो से ज्यादा बच्चे होने पर शिक्षाकर्मी की नौकरी नहीं देने के मामले में राज्य सरकार इस बारे में कोई नियम साबित नहीं कर पाई। इस पर हाईकोर्ट ने दस साल बाद शिक्षा कर्मी वर्ग एक के पद पर याचिकाकर्ता को समस्त लाभ के साथ नौकरी देने का आदेश जारी किया है। तब छतीसगढ़ सरकार ने विज्ञापन में भर्ती शर्त रखी थी कि जिनके दो से ज्यादा बच्चें है वे चयन के पात्र नहीं है।

वर्ष 2008 में छतीसगढ़ शासन ने शिक्षाकर्मी की भर्ती के पद निकाले थे। इसमें शिक्षाकर्मी वर्ग एक के पद पर बिलासपुर गोड़पारा निवासी सुमन शर्मा का सलेक्शन हुआ था। जिला पंचायत में दस्तावेज परीक्षण के दौरान दो से अधिक बच्चें होने की जानकारी मिलने पर तत्कालीन सीईओ ने नियुक्ति देने से इनकार कर दिया। इस नियुक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन शर्त का उल्लेख किया गया है कि सन् 2001 के बाद जिनके दो से ज्यादा बच्चें हैं वे नियुक्ति के पात्र नहीं माने जाएंगे। इस पर चयनित अभ्यर्थी सुमन शर्मा ने अपने अधिवक्ता प्रतीक शर्मा के माध्यम से याचिका हाईकोर्ट में लगाई। मामले में उन्होंने शासन के नियमों को चैलेंज किया था। यह कहा गया कि विज्ञापन में इस बात का उल्लेख तो है लेकिन इसका नियम कहां है। अपने तरह के इस अलग मामले में दलील दी गई कि दो से ज्यादा बच्चे होने के आधार पर नौकरी से निकालना गैरकानूनी है, क्योंकि ऐसा कोई नियम नहीं है।

### दस साल से है एक पद सुरक्षित

याचिका की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने वर्ष 2008 में ही नियुक्ति कर्ता जिला पंचायत बिलासपुर को मामले का निराकरण होने तक एक पद सुरक्षित रखने का आदेश दिया था। इस आदेश की तामिली के पश्चात नियमों पर सुनवाई हुई।

### कोर्ट ने दिया राहत भरा ये फैसला

कोर्ट ने भी सरकार से पूछा कि अगर नियम है तो कहां है। इसमें छतीसगढ़ शासन शिक्षा कर्मी भर्ती नियम 2007 में कहीं कोई नियम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पाया। हाईकोर्ट को इस पर कोई जवाब ठीक ढंग से नहीं मिल सका। तमाम बहस और सुनवाई के पश्चात हाईकोर्ट के जस्टीस पी सेन कोसी ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला दिया। आदेश में सरकार को कहा कि 2008 में भर्ती हुए शिक्षा कर्मी के तरह की सुविधां याचिकाकर्ता सुमन शर्मा को दी जाएं। चयन तिथि से लेकर अब तक का सभी तरह का लाभ शासन द्वारा देय होगा। उनकी वरिष्ठता सहित वेतन जब वे ज्चाइनिंग करेगी उस दिन से मिलेगा।